SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

Post-Event Report

Event	नव आगंतुक स्वागत समारोह
Topic	"परिचय सत्र"
Organizer	"हिंदी तथा हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग" और हिंदी साहित्य सभा "मंथन"
Date	04 अगस्त 2025
Time	12: 00 बजे
Duration	02 घंटे
Place/Platform	कॉलेज कक्ष 103
Number of Participants	50
Guest Speaker/Trainer	विभागीय प्राध्यापक
Welcome Speech	पलक गुप्ता (रिपोर्ट प्रमुख मंथन) जिज्ञासा कुमारी (सदस्य मंथन)

Activities

नई दिल्ली: 04 अगस्त, 2025 श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) में प्रथम वर्ष के नव आगंतुक विद्यार्थयों को विभाग से परिचय करने के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंथन हिंदी साहित्य सभा की पलक गुप्ता और जिज्ञासा कुमारी ने की। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने सभी नवागंतुक छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद अध्यक्ष मानसी सिंह और उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने छात्रों को मंथन एवं हिंदी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से अवगत कराया।

उक्त परिचय सत्र में विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. अमरजीत कौर, प्रो. दीपमाला, डॉ. अंजुबाला (विभाग प्रभारी), डॉ. शैलजा, डॉ. हरदीप कौर, डॉ. राज कुमार शर्मा, डॉ. अर्चना, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. सविलता यादव (संयोजक-मंथन), श्री महेंद्र प्रताप सिंह (संयोजक-मंथन), डॉ. रूद्रेश नारायण मिश्र उपस्थित रहे। उक्त समस्त प्राध्यापकगण विभाग की विभिन्न गतिविधियों को लेकर विद्यार्थयों से चर्चा- परिचर्चा की तथा नव आगंतुक विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही, भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का भरोसा दिलाया।

Main Ideas

- डॉ. अमरजीत कौर ने हिंदी और हिंदी पत्रकारिता के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो छात्रों को अपने शिक्षकों से संवाद करना चाहिए। सभी शिक्षक योग्य और प्रशिक्षित हैं, जो उनकी सहायता कर सकते हैं। अंत में, उन्होंने सभी को भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

- डॉ. अंजूबाला (विभागाध्यक्ष) ने अपने संबोधन की शुरुआत में सभी नवागंतुक छात्र - छात्राओं का स्वागत किया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
- डॉ. सविलता यादव (मंथन संयोजक)ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों से वर्तमान विषयो से जुड़ी चीजों के बारे में अवगत रहने के लिए कहा उन्होंने कहा कि, यह सिर्फ पत्रकारिता के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण नहीं है , सभी छात्रों को अप टू डेट रहने की जरूरत है। इसके बाद उन्होंने छात्रों से इन चार सालों में अच्छे कौशल विकसित करने तथा अच्छे मित्र बनाने की बात की।
- श्री महेंद्र प्रताप सिंह (मंथन संयोजक) ने अपने संबोधन के शुरुआत में सभी का स्वागत किया, तथा सभी छात्रों से करियर की दिशा के चयन करने की बात कही, साथ ही उन्होंने दोनों विभाग के पक्षो के बारे में चर्चा की अंत में सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।
- डॉ. अर्चना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज में होने वाली कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा।
- इसके बाद, डॉ. दीपमाला ने छात्रों का अभिवादन करते हुए कहा कि आप अपने भविष्य का निर्धारण स्वयं करते हैं, लेकिन इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

Vote of thanks	रुद्राक्ष शर्मा (सदस्य मंथन)

Poster (Attach below)

SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

Pictures (Attach Five Photos)

Attach Photocopy of two Certificates.

हस्ताक्षर:

डॉ. अंजुबाला
(विभाग प्रभारी)
(हिंदी साहित्य सभा "मंथन")